## खास-खबरें

### छात्रा दिशा यादव का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**गंजबासौदा।** सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की होनहार खिलाड़ी दिशा यादव ने संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। दिशा यादव अब देवास में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। दिशा यादव को विद्यालय परिवार एवं बासौदा ताइक्वांडो क्लब की ओर से हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं दिशा यादव द्वारा पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर विद्यालय का नाम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया था ।

### जिले में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश

**विदिशा ( निप्र )।** आगामी महत्वपूर्ण पर्व श्री गणेशोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देश जारी किए हैं कि जिले के समस्त पुलिस थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाई रखी जाए। कलेक्टर ने इस प्रकार के निर्देष जिले के समस्त एसडीएम को जारी किए हैं।

### श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण प्रकट्योत्सव की बधाई

**विदिशा ( निप्र )।** स्थानीय किलेअन्दर अवस्थित धर्माधिकारी



कार्यालय स्थित शताब्दी प्राचीन श्रीराधाकृष्ण मंदिर में अनंतकोटि नायक भगवान श्रीकृष्णजी के प्रकट्योत्सव की बधाई का आयोजन प्राचीन परम्परानुसार किया गया। भक्तिकाल के महान कवि सूरदास, नाभादास, रसखान, हितहरिवंश, मीराबाई, भगवतदास, परमानंद, गिरधर कविराज अष्टछाप के कवियों द्वारा रचित भक्ति पदों का सस्वर गायन बधाई के रूप में किया गया। धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री के पूज्य दादाजी (पितामह) वयोवृद्ध विद्वान पं. उमाशंकर चतुर्वेदी शास्त्री द्वारा शताब्दी वर्ष पूर्व मथुरा वृंदावन जाकर भक्ति काल की बधाई भजनों का संकलन करके सुंदर हस्तलिखित लिपिबद्ध पोथी तैयार की गई। वहीं, धर्मगुरु-धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री के आचार्यत्व में श्रीविष्णुलोक-बैकुण्ठधाम श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में भाद्रपद कृष्ण जया एकादशी मनोकामना दीपदान के साथ गोधूली बेला में तुलसी पत्रों द्वारा श्रीहरि आराधना, मंगल आरती एवं गौ-भक्तों द्वारा अक्षय पुण्य फल प्राप्ति के लिए हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गोसेवा संपन्न हुई।

चित्र शताब्दी प्राचीन लिपिबद्ध पोथी का।

### पांच प्रकरणो में जिला बदर के आदेश जारी

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर 5 प्रकरणो में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। आदेशानुसार विभिन्न अपराधों में लिप्त आरोपित माखन पिता रघुवीर सिंह घोषी उम्र 48 साल निवासी गौराखेडी पठार थाना त्योंदा तथा अनावेदक विशाल ठाकुर पिता हरिओम ठाकुर निवासी बरईपुरा खारे कुंआ के पास थाना कोतवाली विदिशा सहित दोनो प्रकरणो में क्रमशः तीन-तीन माह हेतु इसी प्रकार पप्पू उर्फधन सिंह पिता करन सिंह मैना उम्र 36 साल निवासी ग्राम मूडरी थाना त्योंदा जिला विदिशा एवं सत्यप्रकाश पिता कमल सिंह मीना निवासी ग्राम रमपुरा कलां हाल पैगयाई थाना शमशाबाद सहित दोनो प्रकरणो में क्रमशः 06-06 माह हेतु, जबकि अनावेदक कुन्जा उर्फ शाहिद खां पिता लल्ला उर्फ आशिक अली निवासी ग्राम करमेडी बडाखेडा थाना शमशाबाद जिला विदिशा को एक वर्ष हेतु जिला बदर (निष्काषित) किये जाने के आदेश पारित किये गये है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि जिलाबदर (निष्काषित) अवधि के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें। अनावेदक के इन जिलो के न्यायालयों में यदि कोई राजस्व-आपराधिक मामले गतिशील हो तो उन मामलो में तारीख पेशी के दिन उन जिलों के न्यायालय में आ एवं जा सकेगा इसके लिए अनावेदक को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को सूचना देना अनिवार्य होगा।

### अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट का उद्घाटन आज

**विदिशा ( निप्र )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और केन्द्रीय मंत्रीद्वय शिवराज सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट का उद्घाटन आज मंगलवार 8 सितंबर को होगा। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवारे ने बताया कि उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एवं राज्य स्तर के जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा विशेषज्ञों तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। समारोह स्थल पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना की जाएगी। इसके उपरांत अतिथियों का मंच पर स्वागत एवं अभिनंदन होगा। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन द्वारा स्वागत भाषण दिया जाएगा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम द्वारा कीमोथेरेपी डे-केयर सेंटर के संबंध में संक्षिप्त जानकारी एवं इसकी उपयोगिता से अवगत कराया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवारे द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट के संचालन से कैंसर मरीजों को उपचार के लिए एक समर्पित एवं सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध होगी।

# महाकाल की शाही सवारी में हरि-हर मिलन, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन





**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन :** धर्मनगरी उज्जैन में भाद्रपद मास की अंतिम शाही सवारी सोमवार को पूरे राजसी वैभव और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। भगवान महाकाल नगर भ्रमण पर निकले तो पूरा शहर जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंज उठा। देश-विदेश से पहुंचे दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आस्था और भक्ति का अनुभव किया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर सवारी का शुभारंभ हुआ। भगवान चंद्रमौलेश्वर की आरती के बाद रजत पालकी को सशस्त्र पुलिस बल ने सलामी दी। शाही सवारी में भगवान महाकाल के छह स्वरूपों के दर्शन हुए। इसमें पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरुड़ रथ पर शिवतांडव, नंदी रथ पर उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर परंपरा के मुखारविंद और बैलगाड़ी पर सप्तधान के मुखारविंद शामिल रहे।

सवारी पारंपरिक मार्गों से होती हुई क्षिप्रा तट पहुंची, जहां बाबा चंद्रमौलेश्वर और मनमहेश का विशेष पूजन किया गया। इसके बाद यात्रा गोपाल मंदिर पहुंची, जहां हरि-हर मिलन का धार्मिक दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर सिंधिया राजवंश की परंपरा का निर्वहन किया गया। मार्ग में चांदी की झाड़ू से सफाई और चोपदार-तोपची की घोषणाओं ने शाही परंपरा को जीवंत कर दिया। इस बार सवारी में आधुनिक तकनीक और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। 15 ड्रोन के माध्यम से बाबा महाकाल और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। रामघाट और अन्य प्रमुख स्थानों पर हुए इस आयोजन ने भक्तों को आकर्षित किया। वहीं, स्वास्थ्य जागरूकता और 84 महादेव की थीम पर आधारित झांकियों ने धार्मिक संदेश दिया।

उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंची 73 भजन मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देश के पांच प्रमुख बैंड दलों के एक हजार से अधिक कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दक्षिण भारत से पहुंचे कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। लाखों श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए प्रशासन और पुलिस ने विशेष इंतजाम किए। प्रमुख चौराहों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सवारी का सीधा प्रसारण किया गया। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की झलक भी सवारी में दिखाई दी।


### सिंधिया का बड़ा बयान, 2028 का सिंहस्थ होगा दुनिया का सबसे अलौकिक महाकुंभ

उज्जैन। बाबा महाकाल की शाही सवारी में शामिल होने उज्जैन पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ को लेकर बड़ा बयान दिया। गोपाल मंदिर में भगवान महाकाल के चरण वंदन और पूजन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सिंहस्थ की परंपरा ऐतिहासिक है और इससे सिंधिया राजपरिवार का भी पुराना जुड़ाव रहा है।



सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार सिंहस्थ को भव्य और यादगार बनाने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। उज्जैन को उसकी प्राचीन गरिमा और धार्मिक महत्व के अनुरूप विकसित करने की योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिप्रा नदी के घाटों के विस्तार, शहर की सुविधाओं में वृद्धि और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। उन्होंने देश-विदेश के श्रद्धालुओं से सिंहस्थ में आने का आह्वान करते हुए कहा कि उज्जैन करोड़ों भक्तों के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। वर्ष 2028 का सिंहस्थ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उज्जैन के विकास और नई पहचान का बड़ा अवसर माना जा रहा है। सरकार द्वारा यातायात, सड़क, घाट और अन्य सुविधाओं के विस्तार की तैयारियां की जा रही हैं।

## 30 बिस्तरों के अस्पताल में चार घंटे डॉक्टर का इंतजार, 50 से ज्यादा मरीज बिना इलाज लौटे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। सुबह से दोपहर तक ओपीडी में डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण इलाज कराने पहुंचे 50 से अधिक मरीज परेशान होते रहे। कई मरीज घंटों इंतजार करने के बाद बिना उपचार के ही वापस लौट गए।

लाड़कुई का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 30 बिस्तरों की क्षमता वाला है और आसपास के 35 से 40 गांवों के लोगों के लिए प्रमुख उपचार केंद्र है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज इलाज की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। सोमवार को भी मरीज सुबह करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे, पर्ची बनवाई और डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन दोपहर करीब 2 बजे तक ओपीडी में चिकित्सक नहीं पहुंचे।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में दो डॉक्टर पदस्थ हैं। इनमें से डॉक्टर राज मीणा निजी कार्य के कारण अवकाश पर थे। वहीं दूसरे डॉक्टर महेश कुमार पांडेय के सीहोर से आने-जाने की जानकारी सामने आई। उनके समय पर नहीं पहुंचने से ओपीडी व्यवस्था प्रभावित हुई और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि दूर गांवों से आने वाले मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिलने से मजबूरी में निजी अस्पतालों या झोलाछाप चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने लंबे समय से डॉक्टरों की कमी दूर करने की मांग उठाई है। ग्रामीण क्षेत्र के इस अस्पताल में ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं दो डॉक्टरों के भरोसे चल रही हैं। एक डॉक्टर के अवकाश पर रहने की स्थिति में दूसरे पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है, जिससे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। तहसील मुख्यालय भैरूंदा के अस्पताल में भी डॉक्टरों की कमी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। उपलब्ध चिकित्सकों को ओपीडी, आपातकालीन सेवा और अन्य जिम्मेदारियां संभालनी पड़ रही हैं।



उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता भोपाल ने रायसेन जिले की मंडीदीप क्रमांक 1 एवं मंडीदीप क्रमांक 2 मदिरा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। दुकानों में संधारित अभिलेखों का अवलोकन एवं मदिरा सत्यापन किया ।निरीक्षण पूर्व मदिरा टेस्ट परचेज कार्यवाही की ।निर्धारित दर अनुरूप मदिरा विक्रय पाया । नियमानुसार मदिरा दुकान संचालन की हिदायत दी । साथ ही भोपाल जिले के बावर्ची बार का भी औचक निरीक्षण किया। वक्त निरीक्षण उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता भोपाल के हमराह संभागीय उड़नदस्ता का स्टाफ रहा ।

### अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधीवेशन संपन्न

**सीहोर।** रविवार को श्यामपुर में अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधीवेशन आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी उपस्थित रहे। अधीवेशन में देश व प्रदेश भर से हजारों की संख्या में अहिरवार समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से विनोद कुमार बड़ोदिया को अहिरवार समाज संघ सीहोर जिले के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं भोलाराम अहिरवार को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा अहिरवार को मनोनीत किया गया, इसके साथ ही सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष रवि सोनगरा तथा श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल अहिरवार सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सदस्यगणों की नियुक्तियां भी की गईं।

### भाजपा की जिला कार्यसमिति और सेवा संकल्प अभियान के निमित्त जिला कार्यशाला क्रिसेंट रिसोर्ट में हुई संपन्न

**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक बूथ तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके निमित्त एक जिला कार्यसमिति व जिला कार्यशाला क्रिसेंट रिसोर्ट सीहोर में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने अभियान की रूपरेखा व उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन? करने के साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 25 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया, सेवा चित्र, सेवा स्मरण,कहानी बदलाव की, आंगन का मिलन, सेवा ज्योति यात्रा और सेवा सेतु अभियान, बड़नगर से वाराणसी, सेवा मेरा योगदान, सेवा के रंग, इनोवेशन चेलेंज,जनसेवक महाकुम्भ पंचायत से पार्लियामेंट तक जैसे आयोजनों को जन-जन तक पहुँचाकर विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करें।

## गौशाला मामला : 10 को कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगा संत व सकल हिंदू समाज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** श्री राम गौशाला एवं श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिसर में गत 2 सितंबर को हुई कार्रवाई को लेकर संत समाज एवं सकल हिंदू समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी विरोध के स्वरूप 10 सितंबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सीहोर पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संत समाज के मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के महामंडलेश्वर, कथा वाचक, कर्मकांडी ब्राह्मण, पुजारी, मठ-मंदिरों के प्रमुख, साधु-संत एवं हिंदू समाज के प्रतिनिधि एवं भारतवर्ष से गोसेवक शामिल होंगे। समाज का आरोप है कि 2 सितंबर को तहसीलदार अमित सिंह के नेतृत्व में श्री राम गौशाला एवं आश्रम परिसर की बाउंड्री वॉल तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दो अनुसूचित जाति के गौसेवकों के साथ कथित मारपीट किए जाने और उनके गंभीर रूप से घायल होने का आरोप भी सामने आया है। घटना के बाद से संत समाज, मंदिर प्रमुखों एवं सकल हिंदू समाज में नाराजगी बनी हुई है। समाज का कहना है कि गौशाला, मठ और मंदिर केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा, आस्था और सामाजिक सरोकार के केंद्र हैं। ऐसे स्थानों पर की गई कार्रवाई को लेकर प्रशासन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। ज्ञापन में तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोष पाए जाने पर कार्रवाई की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी। इसके साथ ही घायल गौसेवकों को न्याय दिलाने, कथित मारपीट की जांच करने तथा दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग भी की जाएगी।

### एकता और शिक्षा के संकल्प के साथ प्रजापति समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**भैरूंदा।** दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में रविवार को भैरूंदा में तहसील स्तरीय सामाजिक बैठक और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में समाजजनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज की एकजुटता, शिक्षा के विस्तार, संगठन की मजबूती और सामाजिक सुधार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा दक्ष प्रजापति और श्री यादें माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति का समाजजनों ने स्वागत किया। बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और जागरूकता जरूरी है। उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। साथ ही नशाखोरी, अशिक्षा और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने पर जोर दिया।

## मोदी के लोकसेवा कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प अभियान शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत होने वाले 13 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अभियान के 13 सूत्रीय कार्यक्रमों के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर बढ़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के दौरान मिलने वाली जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए आने वाले दिनों में मंडल स्तर पर भी बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संगठन में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और सभी को दिए गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। जिला प्रभारी राजो मालवीय ने अभियान की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लोकसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित यह अभियान महत्वपूर्ण है और सभी कार्यकर्ताओं को इसे सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटना होगा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

अभियान में आशीर्वाद का दिया, नमो सेवा गाथा, नुक्कड़ नाटक, आंगन का महोत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, जनसेवक महाकुंभ और पंचायत से पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर ने किया और आभार जिला महामंत्री केशव पटेल ने व्यक्त किया।

## पंचायत सचिव का निलंबन अनुचित संगठन ने विरोध जताया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा :** पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संगठन के द्वारा ग्राम नेकान जनपद पंचायत सिरोंज में पदस्थ पंचायत सचिव के निलंबन का सख्त विरोध जताया है दिए ज्ञापन में कहा है कि सिरोंज तहसील के नैकान में खेत पर बने कुआं में एक महिला एवं एक बच्चा के गिरने की गंभीर घटना घटित हुई जिसमें दोनों की मृत्यु हो गई उस परिप्रेक्ष्य में उक्त ग्राम पंचायत के सचिव पप्पू दास त्यागी को निलंबित कर दिया जो उचित नहीं है हम इस कार्रवाई का सख्त विरोध जताते हैं यदि तीन दिवस के अंदर उक्त निलंबन वापस नहीं लिया तो संगठन आंदोलन के लिए विवश होगा ।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुनील कुमार प्रजापति आत्मज शंकरलाल प्रजापति आयु वयस्क निवासी पेट्रोल पंप के पास, धोखेडा, समनापुर रायसेन म.प्र. का निवासी हूँ। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम आयुषी प्रजापति (AUSHI PRAJAPATI) दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम आरूषी प्रजापति (AARUSHI PRAJAPATI) है जो सत्य व सही है जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित है। प्रकाशन उपरांत अब मेरी पुत्री को उसके सही व वास्तविक नाम आरूषी प्रजापति (AARUSHI PRAJAPATI) से जाना पहचाना जाऐगा एवं उसके समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में उसका यही नाम रहेगा।

(पुराना नाम)
AUSHI PRAJAPATI (आयुषी प्रजापित)
(नया नाम)
AARUSHI PRAJAPATI
(आरूषी प्रजापति)

1527